मुंबई, गुरुवार, 06 अगस्त, 2026

मूल्य : 0.00/- । कुल पृष्ठ 04

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com
+91-95945-42679
Digital Edition

वर्ष 12 । अंक 273

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg. No. MH180326353

महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत

**अनमोल वचन**

मेहनत वह चाबी है, जो किस्मत के बंद दरवाज़े भी खोल देती है।

## खबर संक्षिप्त

### राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों के चयन के लिए साक्षात्कार 10 अगस्त को

**भीलवाड़ा@पदमावत मीडिया।** मेरा युवा भारत के तहत राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों के चयन के लिए 10 अगस्त को जिला युवा अधिकारी रचना शर्मा की अध्यक्षता में साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। साक्षात्कार जिला युवा अधिकारी कार्यालय, 146 पूर्व विस्तार, देवनारायण मंदिर के पास, सुभाष नगर में होंगे। जिला युवा अधिकारी रचना शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मैट्रिक स्तर की अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र, फोटोयुक्त पहचान पत्र और मूल निवास प्रमाण पत्र की मूल प्रति के साथ प्रत्येक दस्तावेज की एक स्वप्रमाणित छायाप्रति लानी होगी। साक्षात्कार से पहले मूल दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। आवेदन में दी गई जानकारी गलत मिलने या आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर आवेदन निरस्त किया जा सकेगा। पूर्व में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक के रूप में कार्य कर चुके अभ्यर्थी, नियमित अध्ययनरत विद्यार्थी एवं कर्मचारी चयन प्रक्रिया के लिए पात्र नहीं होंगे।

### गांवों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, पौधों का संरक्षण भी सुनिश्चित करें: राज्यपाल



**जयपुर@पदमावत मीडिया।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने लोकभवन में ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में गांवों के समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, लखपति दीदी और वीबी-जीरामजीके के तहत राजस्थान में हुए कार्यों की सराहना करते हुए कौशल विकास, हस्तकला प्रशिक्षण और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में राज्यपाल ने लखपति दीदी योजना, हर घर नल, शत-प्रतिशत शौचालय निर्माण तथा ग्रामीण रोजगार से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। मानसून के दौरान अधिकाधिक पौधारोपण के साथ पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताते हुए उन्होंने राजसमंद के पिपलांत्री गांव का उदाहरण दिया। साथ ही गांवों में पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर भी जोर दिया।

### विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य और धर्म का साथ न छोड़ें: साध्वी वसुधा



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** उपनगरीय क्षेत्र स्थित जैन स्थानक में चल रही जप, तप, बैला और आयंबिल की श्रृंखला के तहत आयोजित धर्मसभा में तप रत्नेश्वरी साध्वी वसुधा ने श्रद्धालुओं को विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य, संयम और धर्म का मार्ग नहीं छोड़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पारिवारिक रिश्तों, विशेषकर सास-बहू के संबंधों में आए बदलाव चिंता का विषय हैं और परिवारों में संस्कार, सम्मान तथा आपसी विश्वास को मजबूत करने की आवश्यकता है। प्रवचन में साध्वी वसुधा ने दान-पुण्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सच्चा दान वही है, जो निष्काम भावना और सेवा भाव से किया जाए। उन्होंने मनोहर मुनि के प्रसंग के माध्यम से बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी सत्य, धर्म और संयम का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। साध्वी विजेता ने भी मोह-माया से दूर रहकर संत समागम और धर्म साधना से जीवन को सार्थक बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। केंद्र अध्यक्ष निर्मल पोखरना ने धर्मसभा में अधिकाधिक लोगों से भागीदारी का आग्रह किया। अंत में साध्वी मंजुल ज्योति ने मांगलिक सुनाते हुए श्रद्धालुओं से संयम के नियमों का पालन करने का संकल्प कराया।

### किशोर कुमार की 97वीं जयंती पर गूंजे सदाबहार गीत



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** 7 स्टार्स ऑर्केस्ट्रा और किशोर कुमार के प्रशंसकों ने बुधवार को महान पार्श्व गायक किशोर कुमार की 97वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत किशोर कुमार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर कलाकारों ने उनके लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुतियां देकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। ऑर्केस्ट्रा के संस्थापक राकेश झंवर ने कहा कि किशोर कुमार केवल गायक ही नहीं, बल्कि अभिनेता, संगीतकार, निर्माता, निर्देशक और बहुमुखी प्रतिभा के धनी कलाकार थे, जिन्होंने भारतीय सिनेमा को अमूल्य योगदान दिया। संगीत प्रेमियों ने उनके गायन कौशल, योडलिंग शैली और सदाबहार गीतों को याद करते हुए कहा कि उनकी आवाज आज भी करोड़ों संगीत प्रेमियों के दिलों में जीवित है। संगीत संध्या में विभिन्न कलाकारों ने किशोर कुमार के लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में कीबोर्ड, कांगो और बोंगो पर संगीत संगत ने प्रस्तुतियों को और आकर्षक बनाया। अंत में आयोजकों ने सभी कलाकारों एवं संगीत प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

# उदयपुर जिले को 79.58 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं की सौगात, 151 निर्माण कार्यों को मिली मंजूरी

## 247.94 किलोमीटर सड़क नेटवर्क होगा मजबूत, सातों विधानसभा क्षेत्रों में मिसिंग लिंक और जर्जर सड़कों का होगा निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में सड़क आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने उदयपुर जिले को बड़ी सौगात दी है। बजट वर्ष 2026-27 की घोषणा के तहत जिले में 79.58 करोड़ रुपये की लागत से 151 सड़क निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों के माध्यम से जिले में 247.94 किलोमीटर सड़क नेटवर्क का विकास किया जाएगा, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आवागमन अधिक सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक बनेगा।

उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक गांव, कस्बे और शहर को गुणवत्तापूर्ण सड़क नेटवर्क से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से मिसिंग लिंक और नॉन-पैचेबल सड़कों के निर्माण एवं पुनर्निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि आमजन को बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता अभिनंदन कुमार जैन एवं अचल गुप्ता ने बताया कि जिले में स्वीकृत 151 कार्यों में 68 मिसिंग लिंक सड़कें तथा 83 नॉन-पैचेबल सड़कें शामिल हैं। मिसिंग लिंक सड़कों के निर्माण से वर्षों से अधूरे सड़क संपर्क पूरे होंगे, जबकि जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण से आवागमन में आने वाली कठिनाइयों का समाधान होगा। इन परियोजनाओं से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।





उदयपुर शहर विधानसभा क्षेत्र में 42 सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें 28 मिसिंग लिंक और 14 नॉन-पैचेबल सड़कें शामिल हैं। इन पर 11.49 करोड़ रुपये खर्च होंगे तथा 17.66 किलोमीटर सड़क नेटवर्क विकसित किया जाएगा।

उदयपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 16 सड़क कार्यों को मंजूरी मिली है, जिनमें 3 मिसिंग लिंक और 13 नॉन-पैचेबल सड़कें शामिल हैं। इन पर 12.04 करोड़ रुपये की लागत से 35.50 किलोमीटर सड़क नेटवर्क मजबूत किया जाएगा।

झाड़ोल विधानसभा क्षेत्र में 21 सड़क कार्य स्वीकृत हुए हैं। इनमें 4 मिसिंग लिंक और 17 नॉन-पैचेबल सड़कें शामिल हैं। 11.96 करोड़ रुपये की लागत से 47.63 किलोमीटर सड़क निर्माण एवं उन्नयन कार्य किए जाएंगे।

खेरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 14 सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति मिली है। इनमें 5 मिसिंग लिंक और 9 नॉन-पैचेबल सड़कें शामिल हैं। 10.08 करोड़ रुपये की लागत से 38.25 किलोमीटर सड़क नेटवर्क विकसित किया जाएगा।

वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र में 23 सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत हुए हैं। इनमें 8 मिसिंग लिंक और 15 नॉन-पैचेबल सड़कें शामिल हैं। इन कार्यों पर 11.95 करोड़ रुपये खर्च होंगे तथा 40.70 किलोमीटर सड़क नेटवर्क का विकास होगा।

मावली विधानसभा क्षेत्र में 17 सड़क कार्यों को मंजूरी मिली है। इनमें 8 मिसिंग लिंक और 9 नॉन-पैचेबल सड़कें शामिल हैं। 10.09 करोड़ रुपये की लागत से 27.75 किलोमीटर सड़क निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। वहीं गोगुंदा विधानसभा क्षेत्र में 18 सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें 4 मिसिंग लिंक और 14 नॉन-पैचेबल सड़कें शामिल हैं। 11.97 करोड़ रुपये की लागत से 40.45 किलोमीटर सड़क नेटवर्क विकसित किया जाएगा।

इन स्वीकृतियों से उदयपुर जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में सड़क संपर्क मजबूत होगा तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लाखों लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। राज्य सरकार का मानना है कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी और आमजन के साथ-साथ किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों एवं पर्यटकों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना बनी किसानों की मजबूत ढाल, राजस्थान में एक करोड़ हेक्टेयर से अधिक फसल क्षेत्र बीमित

» 62.58 लाख किसान योजना से जुड़े, पांच वर्षों में 18,189 करोड़ रुपये से अधिक के दावों का भुगतान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) का व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना के माध्यम से प्राकृतिक आपदाओं और प्रतिकूल मौसम से फसलों को होने वाले नुकसान की स्थिति में किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है। वर्तमान में प्रदेश के 62 लाख 58 हजार किसानों को योजना से जोड़ा गया है, जो देश में सर्वाधिक है।

वर्ष 2025-26 में राजस्थान के लगभग 2.82 करोड़ हेक्टेयर सकल फसल क्षेत्र में से 1 करोड़ हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र को फसल बीमा के दायरे में लाया गया है। यह भी देश में सबसे अधिक है। राज्य का 36 प्रतिशत फसल क्षेत्र बीमित है, जो राष्ट्रीय औसत 32 प्रतिशत से अधिक है।

प्रदेश में वर्ष 2025-26 के दौरान चूरू में 13.35 लाख हेक्टेयर, बाड़मेर में 11.48 लाख हेक्टेयर और बीकानेर में 9.27 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र का बीमा किया गया। वहीं चूरू में 77 प्रतिशत, बाड़मेर में 69 प्रतिशत और नागौर में 47 प्रतिशत सकल फसल क्षेत्र को बीमा सुरक्षा मिली।

पिछले पांच वर्षों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत 5.21 करोड़ हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र बीमित किया गया। किसानों ने 4,650 करोड़ रुपये से अधिक का प्रीमियम जमा कराया, जबकि 18.81 लाख से अधिक आवेदनों के आधार पर किसानों को 18,189 करोड़ रुपये से अधिक के बीमा दावों का भुगतान किया गया।

वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान खरीफ और रबी सीजन को मिलाकर करीब 7.53 करोड़ फसल बीमा पॉलिसियां जारी की गईं। इस अवधि में बीमा दावों के तहत 4,498 करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों को वितरित की गई।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को ओलावृष्टि, सूखा, अतिवृष्टि, कीट एवं रोगों से फसल नुकसान की स्थिति में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। योजना में किसान, राज्य सरकार और केंद्र सरकार मिलकर प्रीमियम का वहन करते हैं, जिससे किसानों को कम लागत पर व्यापक बीमा सुरक्षा मिलती है।

## मुख्यमंत्री को ओबीसी आयोग ने सौंपी रिपोर्ट, स्थानीय निकाय चुनाव समय पर कराने की दिशा में सरकार आगे बढ़ी

'वन स्टेट-वन इलेक्शन' व्यवस्था से समय, धन और संसाधनों की होगी बचत, विकास कार्यों को मिलेगी निरंतर गति



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बुधवार को राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग के अध्यक्ष मदनलाल भाटी एवं आयोग के सदस्यों ने मुलाकात कर पंचायती राज एवं नगरीय निकायों में ओबीसी आरक्षण से संबंधित वर्ष 2026 की रिपोर्ट सौंपी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्थानीय निकाय चुनाव समय पर कराने का जो वादा किया गया था, उसे पूरा करने की दिशा में सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'वन स्टेट-वन इलेक्शन' व्यवस्था लागू होने से विकास और जनकल्याण के कार्यों को निरंतर गति मिलेगी। इससे समय, धन और अन्य संसाधनों की बचत होगी तथा प्रशासनिक कार्यों में अधिक प्रभावशीलता आएगी। बैठक में पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री झाबर सिंह खर्रा, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, आयोग के सचिव अशोक कुमार जैन तथा आयोग के सदस्य प्रो. राजीव सक्सेना, गोपाल कृष्ण, मोहन मोरवाल और पवन मावंडिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भगवान दास वैष्णव बने जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर 1008 भगवाननंद गिरि

## आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि के सान्निध्य में महाकाल आश्रम में होगा भव्य पट्टाभिषेक, देशभर के संत-महात्माओं का जुटेगा दिव्य समागम

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा की गौरवशाली परंपरा में मेवाड़ एक ऐतिहासिक अध्याय का साक्षी बनने जा रहा है। भगवान दास वैष्णव को जूना अखाड़ा की ओर से महामंडलेश्वर 1008 भगवाननंद गिरि के रूप में प्रतिष्ठित किया जाएगा। मेवाड़ के कालागुमान जियाता स्थित महाकाल आश्रम में आयोजित होने वाला यह भव्य पट्टाभिषेक समारोह वैदिक मंत्रोच्चार, धार्मिक अनुष्ठानों और संत समाज की गरिमामयी उपस्थिति के बीच संपन्न होगा। समारोह को लेकर संत समाज एवं श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह का वातावरण है। इस पावन अवसर पर श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के हरिद्वार पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि महाराज का पावन सान्निध्य रहेगा। उनके साथ संरक्षक हरीगिरी जी महाराज, महामंत्री मोहन भारती जी, अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम गिरि जी, उपाध्यक्ष महेंद्र पुरी जी, जगतगुरु साध्वी भुवनेश्वरी गिरि, करणी माता मंदिर, पटियाला के प्रेमानंद भारती जी तथा नाना बाबा सोनू महाराज सहित देशभर के अनेक महामंडलेश्वर, महंत, नागा संन्यासी एवं संत-महात्मा समारोह में सहभागी बनेंगे। पट्टाभिषेक समारोह के दौरान वैदिक परंपराओं के अनुरूप विशेष पूजन, रुद्राभिषेक, गुरु वंदन, संत आशीर्वचन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा। इसके उपरांत भगवान दास वैष्णव को विधिवत महामंडलेश्वर 1008 भगवाननंद गिरि के रूप में पट्टा प्रदान किया जाएगा। संत समाज के अनुसार यह केवल एक धार्मिक सम्मान नहीं, बल्कि सनातन धर्म, अखाड़ा परंपरा, संस्कृति और समाज के संरक्षण तथा आध्यात्मिक नेतृत्व का महत्वपूर्ण दायित्व भी है। आयोजन समिति के अनुसार समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। महाकाल आश्रम को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, प्रसाद, बैठक व्यवस्था, पार्किंग एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यापक व्यवस्था की गई है। राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालुओं एवं संत-महात्माओं के इस ऐतिहासिक आयोजन में शामिल होने की संभावना है। संत समाज का मानना है कि ऐसे आयोजन सनातन संस्कृति की जीवंत परंपरा को आगे बढ़ाने के साथ-साथ समाज में धर्म, सेवा, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना को सशक्त करते हैं। भगवान दास वैष्णव का महामंडलेश्वर 1008 भगवाननंद गिरि के रूप में पट्टाभिषेक न केवल मेवाड़, बल्कि संपूर्ण सनातन समाज के लिए गौरव और आस्था का विषय माना जा रहा है।







# प्रदेशभर में आबकारी विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई, हजारों लीटर अवैध शराब और वॉश नष्ट

♦ आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देश पर जीरो टॉलरेंस अभियान तेज, कई जिलों में दबिश देकर अवैध मदिरा जब्त, कई आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com










**उदयपुर।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में प्रदेशभर में अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने व्यापक कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध शराब, वॉश एवं भट्टियों को नष्ट किया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में नाकाबंदी, सघन गश्त और दबिश अभियान के दौरान कई अभियोग दर्ज किए गए तथा आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आबकारी विभाग द्वारा जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अन्य राज्यों से होने वाली शराब तस्करी तथा अवैध मदिरा के कारोबार पर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान चित्तौड़गढ़ जिले के निम्बाहेड़ा एवं बेगूं क्षेत्र में आबकारी निरोधक दल ने करीब 1,000 लीटर वॉश नष्ट कर 15 लीटर अवैध हथकड़ शराब जब्त की। साथ ही बिना नंबर की मोटरसाइकिल से 62 पव्वे हथकड़ शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। बीकानेर जोन में होटलों एवं ढाबों पर चलाए गए विशेष अभियान के दौरान बीकानेर, श्रीगंगानगर, संगरिया, नोहर, चूरू, रायसिंहनगर एवं सूरतगढ़ क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 1,800 लीटर वॉश, 5 अवैध भट्टियां, 27 बीयर बोतलें, 54 पव्वे देशी शराब एवं 34 लीटर हथकड़ शराब जब्त की गई तथा 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में चाकसू के माधोगढ़, तुंगा, बगरियां, नारायण बाबा की ढाणी एवं ढूंढ नदी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 हजार लीटर वॉश, 15 अवैध भट्टियां एवं उपकरण नष्ट किए गए। इसके साथ ही 70 लीटर अवैध हथकड़ शराब भी जब्त की गई। केकड़ी क्षेत्र में दबिश के दौरान 200 लीटर वॉश नष्ट कर 2 लीटर हथकड़ शराब बरामद की गई। ब्यावर आबकारी थाना क्षेत्र में आबकारी निरोधक दल ने 400 लीटर वॉश, 3 पुरानी भट्टियां नष्ट कर 6 बोतल हथकड़ शराब जब्त की। वहीं जोधपुर शहर, ग्रामीण, पश्चिम एवं सरदारपुरा क्षेत्रों में संयुक्त कार्रवाई के दौरान 58 बीयर कैन, 87 पव्वे देशी शराब, 19 पव्वे अंग्रेजी शराब तथा 4 लीटर हथकड़ शराब बरामद की गई। इसी प्रकार कोटा जिले के रामगंजमंडी क्षेत्र में 700 लीटर वॉश एवं 2 अवैध भट्टियां नष्ट कर प्रकरण दर्ज किया गया। झुंझुनूं जिले के चिड़ावा में 576 पव्वे अवैध शराब जब्त की गई, जबकि पाली शहर में संयुक्त दबिश के दौरान बड़ी मात्रा में देशी एवं अंग्रेजी शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर कार्रवाई करते हुए हरियाणा निर्मित बडवाइजर बीयर के 24 कैन बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने बताया कि प्रदेशभर में अतिरिक्त आबकारी आयुक्त, आबकारी उपायुक्त, जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षक एवं आबकारी निरोधक दलों द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई पूरी सख्ती के साथ निरंतर जारी रहेगी।

## खबर संक्षिप्त

### 'आखिर कौन?' नाटक के मंचन के साथ अभिनय कार्यशाला का समापन



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** पैलडूज आर्ट सोसायटी एवं मौलिक ऑर्गेनाइजेशन ऑफ क्रिएटिव एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय अभिनय कार्यशाला का समापन सूचना केंद्र सभागार में नाटक 'आखिर कौन?' की प्रभावशाली प्रस्तुति के साथ हुआ। कार्यशाला के प्रतिभागियों ने मंचन के माध्यम से प्रशिक्षण के दौरान सीखे अभिनय कौशल का सफल प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने सराहा। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को रंगमंच और कैमरा अभिनय की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें स्वर एवं वाक् शक्ति, शारीरिक अभिव्यक्ति, पाठ की समझ, भारतीय एवं पाश्चात्य अभिनय सिद्धांत, दृश्य निर्माण तथा कैमरे के सामने अभिनय सहित विभिन्न विषयों पर व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। अंतिम चरण में प्रतिभागियों ने डिवाइस थिएटर पद्धति के माध्यम से तैयार नाटक 'आखिर कौन?' का मंचन किया। समापन समारोह में आयोजकों ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं युवाओं को अभिनय कला निखारने और अपनी प्रतिभा को मंच देने का प्रभावी अवसर प्रदान करती हैं। इस अवसर पर नाटक से जुड़े कलाकारों एवं सहयोगियों का सम्मान किया गया तथा सूचना केंद्र में सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए जनसंपर्क विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### उदयपुर-सलूम्बर के 664 सीआरसी के लिए 64.30 लाख रुपये स्वीकृत

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार ने उदयपुर और सलूम्बर जिले के 664 संकुल संदर्भ केंद्रों (सीआरसी) के संचालन के लिए 64.30 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया है। समग्र शिक्षा के तहत जारी इस राशि का उपयोग सरकारी विद्यालयों की मॉनिटरिंग, शैक्षणिक गतिविधियों और प्रशासनिक कार्यों के संचालन में किया जाएगा। प्रथम किश्त के रूप में बजट का 50 प्रतिशत जारी कर दिया गया है। समग्र शिक्षा कार्यालय के अनुसार स्वीकृत राशि का उपयोग स्टेशनरी, इंटरनेट, शाला दर्पण एवं आरटीई पोर्टल कार्य, शैक्षणिक नवाचार, टीएलएम निर्माण कार्यशालाओं तथा समीक्षा बैठकों सहित अन्य स्वीकृत मदों में किया जाएगा। अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के अनुसार चरणबद्ध तरीके से बजट खर्च करने के निर्देश दिए गए हैं। समय पर राशि का उपयोग नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस थाना ऋषभदेव की बड़ी कार्रवाई: मोटरसाइकिल चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद




**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** जिले के पुलिस थाना ऋषभदेव ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा रजत बिश्नोई तथा वृताधिकारी ऋषभदेव छगन पुरोहित के सुपरविजन में थानाधिकारी ऋषभदेव हेमन्त अहारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी नारायणलाल मीणा निवासी बिलखा सीमावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने 16 जुलाई 2026 को अपनी हॉंडा शाइन मोटरसाइकिल (आरजे 27 बीजे 3760) ऋषभदेव धर्मशाला के पास खड़ी की थी। मजदूरी कर लौटने पर मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

अनुसंधान के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तथा तकनीकी एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से संदिग्ध लोकेश कुमार को हिरासत में लिया। गहन पूछताछ के दौरान आरोपी ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर जब्त कर ली।

**गिरफ्तार आरोपीः** लोकेश कुमार पुत्र भगवानलाल, निवासी खुटावनी फला विकला, थाना ऋषभदेव, जिला उदयपुर।

पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागृह डूंगरपुर भेज दिया गया। प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

### सीधी बात




# उदयपुर में पंचायत राज व निकाय चुनाव की तैयारियां पूरी, 18.50 लाख से अधिक मतदाता करेंगे मतदान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** उदयपुर जिले में प्रस्तावित त्रिस्तरीय पंचायत राज एवं नगरीय निकाय चुनावों को लेकर जिला प्रशासन और निर्वाचन विभाग ने तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। जिले में पंचायत राज चुनाव में 13 लाख 78 हजार 261 तथा छह नगर निकायों में 4 लाख 72 हजार 609 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस प्रकार जिले में कुल 18 लाख 50 हजार 870 से अधिक मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव अग्रवाल ने बुधवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में बताया कि जिले की 20 पंचायत समितियों के अंतर्गत 590 ग्राम पंचायतें, 318 पंचायत समिति वार्ड, 4,948 वार्ड तथा 1,593 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पंचायत चुनाव के लिए पंजीकृत मतदाताओं में 7 लाख पुरुष, 6 लाख 74 हजार 307 महिलाएं तथा 4 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि पंचायत समितियों में भिंडर में सर्वाधिक 97,782 मतदाता पंजीकृत हैं, जबकि सलूम्बर (सुलाव) पंचायत समिति में 37,059 मतदाताओं के साथ सबसे कम मतदाता हैं। इसके अलावा मावली, गोगुंदा, वल्लभनगर, घासा एवं खेरवाड़ा पंचायत समितियों में भी बड़ी संख्या में मतदाता मतदान करेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी उपखंड अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा, मूलभूत सुविधाएं एवं सुगम मतदान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक सुझाव देने का आग्रह किया।

**मतदाता सूची संशोधन की प्रक्रिया जारी**

गौरव अग्रवाल ने बताया कि पंचायत एवं नगरीय निकायों की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जा चुका है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन कार्यक्रम घोषित होने से पूर्व निर्धारित अवधि तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन अथवा विलोपन के लिए प्राप्त आवेदनों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों एवं नागरिकों से पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने का आह्वान किया।

**छह नगर निकायों में 516 मतदान केंद्र**

जिले की छह नगर निकायों—नगर निगम उदयपुर, मावली, वल्लभनगर, भींडर, फतेहनगर-सनवाड़ एवं कानोड़—में कुल 190 वार्डों के लिए 516 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। यहां 2 लाख 37 हजार 935 पुरुष, 2 लाख 34 हजार 655 महिला तथा 19 ट्रांसजेंडर सहित कुल 4 लाख 72 हजार 609 मतदाता मतदान करेंगे।

नगर निगम उदयपुर में सर्वाधिक 4 लाख 15 हजार 672 मतदाता हैं, जहां 80 वार्डों के लिए 406 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। अन्य नगर निकायों में मावली, वल्लभनगर, भींडर, फतेहनगर-सनवाड़ तथा कानोड़ में भी निर्वाचन की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेंद्र सिंह राठौड़ सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी दलों से निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग करते हुए निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

## डीआरयूसीसी सदस्य बनने पर माणकमल भंडारी का नागरिक अभिनंदन

♦ पंचायत समिति परिसर में साफा, माल्यार्पण और तिलक से किया सम्मान



**भीनमाल@पदमावत मीडिया।** जोधपुर मंडल की डिविजनल रेलवे यूजर्स कंसल्टेटिव कमेटी (डीआरयूसीसी) के सदस्य मनोनीत होने पर वरिष्ठ पत्रकार, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष एवं समाजसेवी माणकमल भंडारी का पंचायत समिति परिसर में स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर उन्हें तिलक लगाकर, साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया तथा नई जिम्मेदारी के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दी गईं। ग्राम विकास अधिकारी संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष भाणाराम बोहरा ने भंडारी को डीआरयूसीसी सदस्य बनने पर बधाई देते हुए कहा कि उनके मनोनयन से क्षेत्र की रेल सुविधाओं और आम यात्रियों की समस्याओं के समाधान को प्रभावी रूप से आवाज मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि माणकमल भंडारी अपने अनुभव एवं सामाजिक सरोकारों के माध्यम से जनहित के मुद्दों को रेलवे प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाएंगे। सम्मान समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारिता एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में माणकमल भंडारी का योगदान सदैव प्रेरणादायी रहा है। डीआरयूसीसी सदस्य के रूप में उनकी नियुक्ति क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है और इससे आमजन की अपेक्षाओं को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं विप्र सेना के जिलाध्यक्ष भाणाराम बोहरा, निवर्तमान प्रधान प्रतिनिधि भरतकुमार राहिन, निवर्तमान जिला परिषद सदस्य मोडाराम राणा, सहायक विकास अधिकारी मांगाराम देवासी, वरिष्ठ कलमकार आसुसिंह राव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भाजपा किसान मोर्चा की पहली प्रदेश कार्यसमिति बैठक, प्राकृतिक खेती और मॉडल गांव पर जोर




**जयपुर@पदमावत मीडिया।** भाजपा किसान मोर्चा राजस्थान की नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारिणी की पहली बैठक बुधवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, किसानों के कल्याण और आगामी कार्ययोजना पर मंथन किया गया। बैठक में भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चौधरी सहित प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे।

अजेय कुमार ने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना और सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिकता होगी। उन्होंने सोशल मीडिया को जन-जागरण का प्रभावी माध्यम बताते हुए कार्यकर्ताओं से किसानों तक योजनाओं और सकारात्मक संदेश पहुंचाने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने आगामी एक वर्ष की कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए प्रत्येक जिले में एक मॉडल गांव विकसित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन गांवों में प्राकृतिक एवं जैविक खेती, गौ-आधारित कृषि, मूल्य संवर्धन और किसान उत्पादक संगठनों के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी 100 दिनों में किसान चौपाल, प्रशिक्षण शिविर और खेत स्तर पर संवाद कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को सरकारी योजनाओं और आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ा जाएगा।

## कक्षा में छात्र बनकर बैठे जिला कलेक्टर, शिक्षण व्यवस्था परखी



**सलूम्बर@पदमावत मीडिया।** जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनेद पी.पी. ने बुधवार को सराड़ा पंचायत क्षेत्र स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मुंडला का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक और आधारभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा में विद्यार्थियों के बीच बैठकर स्वयं छात्र की भूमिका निभाई और शिक्षण व्यवस्था का अवलोकन किया। साथ ही विद्यार्थियों से पढ़ाई, विद्यालय की गतिविधियों और उनके भविष्य के लक्ष्यों पर आत्मीय संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने शिक्षकों से शैक्षणिक गतिविधियों और उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। उन्होंने डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय में टीवी एवं अन्य आवश्यक हार्डवेयर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण के लिए कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का भी आह्वान किया। विद्यालय निरीक्षण के बाद जिला कलेक्टर ने मुंडला स्थित मतदान केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रैंप, पेयजल, विद्युत और अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी सुविधाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप उपलब्ध रहनी चाहिए।

## कोटड़ा थाने में ग्राम साथिनों ने जाना महिला सुरक्षा तंत्र, कानूनी अधिकारों और हेल्पलाइन की मिली विस्तृत जानकारी

» महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के शैक्षणिक भ्रमण में महिलाओं को सशक्त बनाने पर जोर, गांव-गांव जागरूकता फैलाने का लिया संकल्प

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**कोटड़ा।** महिला अधिकारिता विभाग की पहल पर थाना कोटड़ा परिसर स्थित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र (एमएसएसके) में ग्राम साथिनों का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं, सरकारी सहायता सेवाओं एवं आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक करना तथा ग्राम स्तर पर महिला सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक संजय जोशी रहे। उन्होंने कोटड़ा थानाधिकारी प्रभुलाल मीणा के साथ ग्राम साथिनों को महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनों, शिकायत निवारण प्रणाली तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112, 100, 181 एवं 1090 की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम साथिन अपने गांव में महिलाओं तक यह जानकारी पहुंचाए, ताकि किसी भी प्रकार की विपरीत परिस्थिति में महिलाएं बिना झिझक कानूनी सहायता और सरकारी सेवाओं का लाभ उठा सकें। थानाधिकारी प्रभुलाल मीणा ने कहा कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने साथिनों से आह्वान किया कि वे महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी कानूनों एवं हेल्पलाइन सेवाओं के प्रति जागरूक करें तथा किसी भी प्रकार की घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित करें। महिला अधिकारिता विभाग की पर्यवेक्षक चंचल पसात ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न महिला कल्याण एवं सशक्तिकरण योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि ग्राम साथिनें सरकार और ग्रामीण महिलाओं के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनकी सक्रिय भूमिका से महिलाओं तक योजनाओं का लाभ और सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रभावी रूप से पहुंचाई जा सकती है। महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की परामर्शदाता लक्ष्मी गरासिया एवं रवीना कुमारी ने केंद्र की कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, महिला उत्पीड़न एवं अन्य संवेदनशील मामलों में पीड़ित महिलाओं को केंद्र के माध्यम से निशुल्क परामर्श, कानूनी सहायता, मनोसामाजिक सहयोग तथा शिकायतों के त्वरित समाधान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

भ्रमण के दौरान ग्राम साथिनों ने महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा तथा संकट की स्थिति में महिलाओं को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर कोटड़ा थाने के पुलिस अधिकारी एवं कार्मिक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी ग्राम साथिनों ने अपने-अपने गांवों में महिला सुरक्षा, कानूनी जागरूकता, बालिका संरक्षण एवं महिला सम्मान से जुड़े संदेश को जन-जन तक पहुंचाने तथा जरूरतमंद महिलाओं को समय पर उचित सहायता उपलब्ध कराने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## नगर निकाय और पंचायत चुनाव तैयारियों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश



**सलूम्बर@पदमावत मीडिया।** नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनेद पी.पी. ने बुधवार को जिला कलक्ट्रेट में विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से चुनाव संबंधी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रशिक्षण, मतदान केंद्रों की व्यवस्थाएं, आधारभूत सुविधाएं, कानून व्यवस्था, मतदान दल गठन, आदर्श आचार संहिता, चुनाव सामग्री, परिवहन, मीडिया, कंप्यूटर व्यवस्था तथा अन्य निर्वाचन प्रकोष्ठों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने सभी विभागों को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक जिम्मेदारी निर्धारित समय-सीमा में पूरी करने पर जोर दिया।

उन्होंने अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी सभी गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग करने और किसी भी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रावण : शिव-आराधना, साधना और आत्मशुद्धि का पावन पर्व

महादेव की भक्ति का विशेष मास



-डॉ. भारत भूषण ओझा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**श्रावण** मास हिंदू धर्म में भगवान शिव को समर्पित अत्यंत पवित्र काल माना जाता है। इस महीने शिवभक्त व्रत, उपवास, जप, ध्यान और पूजन के माध्यम से महादेव की आराधना करते हैं। विशेष रूप से सावन के सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, बिल्वपत्र अर्पण और कांवड़ यात्रा इस मास की प्रमुख धार्मिक परंपराएं हैं।

**हसमुद्र मंथन और नीलकंठ की कथा**

श्रावण में शिव आराधना के पीछे समुद्र मंथन की कथा विशेष रूप से जुड़ी है। मान्यता है कि समुद्र मंथन से निकले हलाहल विष को भगवान शिव ने संसार की रक्षा के लिए अपने कंठ में धारण किया। विष के प्रभाव से उनका कंठ तपने लगा और वे नीलकंठ कहलाए। इसी भाव से भक्त शिवलिंग पर जल, गंगाजल और दूध चढ़ाकर महादेव को शीतलता प्रदान करने की कामना करते हैं।

**सावन सोमवार और कांवड़ यात्रा**

श्रावण के सोमवार को शिव पूजा का विशेष महत्व है। श्रद्धालु उपवास रखते हैं और शिवलिंग का अभिषेक कर सुख, शांति एवं मनोकामना की प्रार्थना करते हैं। वहीं कांवड़ यात्रा श्रद्धा, तपस्या और समर्पण का प्रतीक है। कांवड़िये पवित्र नदियों से जल लाकर उसे शिवलिंग पर अर्पित करते हैं।

**बिल्वपत्र से रुद्राभिषेक तक**

भगवान शिव को जल, गंगाजल, दूध, दही, शहद, घी, पंचामृत और बिल्वपत्र अर्पित करने की परंपरा है।



अनेक श्रद्धालु पूरे श्रावण में सात्त्विक आहार, संयम और उपवास का पालन करते हैं। रुद्राभिषेक इस मास की महत्वपूर्ण पूजा-विधि है, जिसमें रुद्र मंत्रों के उच्चारण के साथ शिवलिंग का विभिन्न पवित्र द्रव्यों से अभिषेक किया जाता है। इसे मन की शांति, आध्यात्मिक उन्नति और शिव-कृपा की साधना माना जाता है।

**श्रावण : केवल पूजा नहीं, साधना भी**

श्रावण मास का महत्व केवल कर्मकांड तक सीमित नहीं है। यह संयम, आत्मचिंतन और अंतर्मन की शुद्धि का अवसर भी है। शिव-तत्त्व को व्यापकता, शांति और शून्यता से जोड़ा गया है। जिस प्रकार अनंत आकाश सबको अपने भीतर समाहित करता है, उसी प्रकार शिव-तत्त्व जीवन में अहंकार के विलय और चेतना के विस्तार का प्रतीक माना जाता है।

**कल्याण का संदेश**

श्रावण हमें सिखाता है कि भक्ति केवल मंदिर जाने और पूजा करने तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन में संयम, करुणा, त्याग और सकारात्मकता अपनाने का नाम भी है। महादेव का नीलकंठ स्वरूप संसार के लिए विष को अपने भीतर रोककर कल्याण करने का संदेश देता है।

इस प्रकार श्रावण मास शिव-आराधना के साथ-साथ आत्मशुद्धि, संयम, समर्पण और आध्यात्मिक जागरण का पर्व है। श्रद्धा और सद्भाव से की गई शिव-साधना मनुष्य को भीतर से शांत और जीवन को अधिक सार्थक बनाने की प्रेरणा देती है।

## जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण



**सलूम्बर@पदमावत मीडिया।** जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों के तहत जिला जनगणना हस्त पुस्तिका (डीसीएचबी) से जुड़े कार्यों के लिए बुधवार को एडीएम कार्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में चार्ज जनगणना कार्यालय एवं नगर जनगणना कार्यालय के क्षेत्रीय अधिकारियों को डिजिटल प्रणाली के माध्यम से जनगणना कार्य संपादित करने, डेटा संकलन और पोर्टल संचालन की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि जिला जनगणना हस्त पुस्तिका में जिले के गांवों और शहरों की सामाजिक, आर्थिक, जनसांख्यिकीय तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े आंकड़े संकलित किए जाएंगे, जो भविष्य की विकास योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण आधार बनेंगे। अधिकारियों को डीसीएचबी पोर्टल पर डेटा प्रविष्टि, ग्राम एवं नगर निर्देशिका तैयार करने तथा संबंधित अधिकारियों के पंजीकरण की प्रक्रिया का भी प्रशिक्षण दिया गया। जिला जनगणना अधिकारी ने जनगणना कार्य को राष्ट्रहित का महत्वपूर्ण दायित्व बताते हुए अधिकारियों से समयबद्ध, त्रुटिरहित और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य निदेशालय के अधिकारियों सहित जिला प्रशासन और सांख्यिकी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# खबर संक्षिप्त

## वनाधिकार अभियान 6 अगस्त से, पात्र वनवासियों को मिलेंगे अधिकार पत्र

**सलूम्बर@पदमावत मीडिया।** अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य परंपरागत वनवासियों को वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत अधिकार दिलाने के लिए राज्य सरकार 6 अगस्त से 15 सितम्बर तक राज्यव्यापी वनाधिकार अभियान-2026 चलाएगी। अभियान के दौरान नए दावे ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से स्वीकार किए जाएंगे, जबकि लंबित एवं अपूर्ण दावों का समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा। साथ ही पूर्व में दस्तावेजों के अभाव में लंबित मामलों की भी पुनः समीक्षा की जाएगी। अभियान के तहत वनाधिकार पट्टों का राजस्व अभिलेखों में अंकन कराने के साथ पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि, उद्यानिकी और पशुपालन जैसी योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा। अभियान के सफल संचालन के लिए वन, राजस्व और पंचायत राज विभाग संयुक्त रूप से कार्य करेंगे तथा ग्रामसभा से लेकर जिला स्तर तक नियमित समीक्षा की जाएगी।

## दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर, 30 सितम्बर तक होंगे आवेदन

**सलूम्बर@पदमावत मीडिया।** विशेष योग्यजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए जिले में 3 अगस्त से 30 सितम्बर तक विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित इन शिविरों में पात्र दिव्यांगजनों के ऑनलाइन आवेदन लेकर उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार समाज कल्याण, चिकित्सा, शिक्षा, पंचायत राज और अन्य विभागों के समन्वय से अभियान संचालित होगा। पात्र दिव्यांगजन आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित शिविरों में पहुंचकर एसएसओ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

## साहित्य और शिक्षा में योगदान पर उषा रानी सम्मानित



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वरिष्ठ साहित्यकार एवं सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका उषा रानी को पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की ओर से प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया गया। केंद्र निदेशक अश्विन दलवी ने उनके दीर्घकालीन साहित्यिक और शैक्षणिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। उषा रानी ने शिक्षकीय जीवन के साथ साहित्य साधना को भी निरंतर आगे बढ़ाया है। उनकी 100 से अधिक कहानियों का प्रसारण आकाशवाणी के विभिन्न केंद्रों से हो चुका है, जबकि 638 से अधिक रचनाएं देश की प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं और समाचार-पत्रों में प्रकाशित हो चुकी हैं। उनकी कहानियों में सामाजिक सरोकार, मानवीय मूल्य, नारी सशक्तिकरण और जीवन की वास्तविकताओं का प्रभावी चित्रण मिलता है। प्रशंसा-पत्र में उनके साहित्यिक अवदान को हिंदी साहित्य की महत्वपूर्ण धरोहर बताते हुए कहा गया कि शिक्षा और साहित्य के प्रति उनका समर्पण नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर साहित्यकारों और शिक्षाविदों ने भी उनके योगदान की सराहना करते हुए इसे साहित्य जगत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

## अस्थायी अतिक्रमण पर निगम की कार्रवाई, 6 केंटर सामान जब्त




**जयपुर@पदमावत मीडिया।** नगर निगम जयपुर की सतर्कता शाखा ने बुधवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए 6 केंटर सामान जब्त किया तथा अतिक्रमणकर्ताओं से 10 हजार रुपये कैरिंग चार्ज वसूल किया। कार्रवाई नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देश पर पूर्व में प्राप्त शिकायतों के आधार पर की गई। सतर्कता शाखा की टीम ने दादू दयाल नगर मानसरोवर, कालवाड़ रोड, पंचायत समिति के सामने, बोरिंग चौराहा, मुरलीपुरा रोड नंबर-8 तथा सीकर रोड स्थित सीकेएस अस्पताल के सामने सहित विभिन्न स्थानों से अस्थायी अतिक्रमण हटाया। जब्त सामान को निगम के गोदाम में भिजवाया गया। अभियान के दौरान अतिक्रमण करने वालों को भविष्य में समय पर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी भी दी गई। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि दोबारा अवैध अतिक्रमण पाए जाने पर भारी जुर्माना लगाने के साथ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जिला कलेक्टर ने अस्पताल और आईटीआई का किया औचक

» स्वास्थ्य सुविधाओं, अतिरिक्त वार्ड और प्रशिक्षण व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**सलूम्बर।** जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनेद पी.पी. ने सराड़ा क्षेत्र के उप जिला चिकित्सालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के साथ आईटीआई में कौशल आधारित प्रशिक्षण को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उप जिला चिकित्सालय में जिला कलेक्टर ने दवा वितरण केंद्र, प्रयोगशाला, एक्स-रे कक्ष, ऑपरेशन थियेटर, ऑब्जर्वेशन वार्ड, लेबर रूम, जनरल वार्ड और आईसीटीसी कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर उपचार एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी ली तथा आयुष्मान भारत, मां वाउचर, प्रसव सखी और कलेवा योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त वार्ड की व्यवस्था, सभी आवश्यक दवाइयों और जांच सुविधाओं की उपलब्धता तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद निर्माणाधीन अस्पताल भवन का निरीक्षण कर कार्य को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

आईटीआई सराड़ा के निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने विभिन्न ट्रेडों, प्रशिक्षण व्यवस्था और उपलब्ध संसाधनों का अवलोकन किया। उन्होंने संस्थान में अनुशासन बनाए रखने, प्रशिक्षण की गुणवत्ता में निरंतर सुधार, विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा रोजगारोन्मुख कौशल विकास प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार परमार, उपखंड अधिकारी बिंदुबाला राजावत, संबंधित विभागों के अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# राज्यपाल को डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने विकसित राजस्थान@2047 की प्रथम प्रति भेंट की




**जयपुरस@पदमावत मीडिया।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को लोकभवन में बुधवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक एवं लेखक डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने विकसित राजस्थान@2047 अंग्रेजी और हिंदी में लिखी पुस्तक की प्रथम प्रति भेंट की। राज्यपाल ने इसकी सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

शर्मा ने राज्यपाल बागडे को बताया कि राज्य सरकार द्वारा विकसित राजस्थान विजन 2047 दस्तावेज तैयार किया गया है। इस दस्तावेज के अंतर्गत विकसित राजस्थान के लिए रखी प्राथमिकताओं में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि पुस्तक में राज्य सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं, महत्वपूर्ण नीतियों, कार्यक्रमों और विकास से जुड़े कार्य विशेष रूप से दिये गए हैं। युवाओं और आम जन तक विकसित राजस्थान की सोच को पहुंचाने के लिए पुस्तक का सम्पादन और लेखन किया गया है।

# शिल्पग्राम में 8 अगस्त से सजेगी शास्त्रीय संगीत और नृत्य की सुरमयी शाम

♦ दो दिवसीय 'मल्हार' समारोह में देश के नामचीन कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (डब्ल्यूजेडसीसी) की ओर से 8 एवं 9 अगस्त को शिल्पग्राम स्थित दर्पण सभागार में दो दिवसीय शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य समारोह 'मल्हार' का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन शाम 7 बजे शुरू होने वाले इस समारोह में देश के प्रतिष्ठित कलाकार हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन, तबला वादन, सितार वादन और मोहिनीअट्टम की मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे। समारोह में प्रवेश सभी के लिए निःशुल्क रहेगा। केंद्र निदेशक डॉ. अश्विन एम. दलवी ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य की समृद्ध परंपरा को जन-जन तक पहुंचाना, युवा पीढ़ी में इन कलाओं के प्रति रुचि विकसित करना तथा देश की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देना है। उन्होंने कला प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करने की अपील की। समारोह के पहले दिन 8 अगस्त को हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायिका गौरी पाठारे अपनी गायकी से रागदारी संगीत की प्रस्तुति देंगी। इसके बाद तबला वादिका हेतल मेहता का एकल तबला वादन होगा, जिसमें लय, ताल और नाद-सौंदर्य का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। वहीं 9 अगस्त को युवा सितार वादक विनायक चित्तर अपनी सुरमयी प्रस्तुति से श्रोताओं को भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराइयों से परिचित कराएंगे। समारोह का समापन संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित मोहिनीअट्टम नृत्यांगना पल्लवी कृष्णन की प्रस्तुति के साथ होगा। भाव, लय और सौंदर्य से भरपूर उनकी प्रस्तुति भारतीय शास्त्रीय नृत्य की गरिमा का अनुपम उदाहरण होगी। डॉ. दलवी ने कहा कि 'मल्हार' कला प्रेमियों के लिए भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य की उत्कृष्ट परंपराओं का अविस्मरणीय संगम सिद्ध होगा।

# राज्यपाल की प्रस्तावित सलूम्बर यात्रा को लेकर तैयारियां तेज

♦ जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को समन्वय के साथ समयबद्ध व्यवस्थाएं पूरी करने के दिए निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**सलूम्बर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े की प्रस्तावित सलूम्बर यात्रा को लेकर जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनेद पी.पी. की अध्यक्षता में जिला कलेक्टर कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में यात्रा से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार समयबद्ध एवं समन्वित तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने यात्रा मार्ग की मरम्मत एवं साफ-सफाई, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, बैठक स्थल की तैयारियां, पेयजल, विद्युत, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन व्यवस्था, विश्राम कक्ष तथा स्वागत एवं प्रोटोकॉल संबंधी सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय बनाए रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें, ताकि राज्यपाल की यात्रा गरिमापूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला, एसीईओ रामवतार यादव, नगर परिषद आयुक्त, पीआरओ पुष्पक मीणा, समाज कल्याण अधिकारी ममता कुमारी जाखड़, कृषि विभाग के गोस मोहम्मद, उद्यानिकी विभाग के पुरुषोत्तम भट्ट, टीएडी विभाग के मधुकर वर्णोती सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को यात्रा से पूर्व प्रत्येक व्यवस्था का पुनः निरीक्षण कर किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने देने के निर्देश भी दिए।

# विज्ञान समिति नवाचार महिला प्रकोष्ठ ने मनाया सावन उत्सव

» सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** विज्ञान समिति नवाचार महिला प्रकोष्ठ की ओर से बंजारा हिल्स रिसॉर्ट में सावन उत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव में प्रकोष्ठ की करीब 70 सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए खेल प्रतियोगिताओं, अंताक्षरी, सांस्कृतिक गतिविधियों और पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। पूरे आयोजन में उल्लास और पारिवारिक वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रकोष्ठ की संरक्षिका डॉ. पुष्पा कोठारी ने सभी सदस्याओं का स्वागत किया। अध्यक्षा संगीता भाणावत ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक जुड़ाव के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी माध्यम हैं। उन्होंने सदस्याओं को पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि इस वर्ष औसत से कम वर्षा को देखते हुए इंद्रदेव को प्रसन्न करने वाले पारंपरिक मेवाड़ी लोकगीतों की प्रस्तुतियां कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहीं। सदस्याओं ने लोक संस्कृति से जुड़ी इन प्रस्तुतियों के माध्यम से अच्छी वर्षा और समृद्धि की कामना की। आयोजन के दौरान विजयलक्ष्मी गलुण्डिया, आभा झंवर, अनु नवेदिया, मंजू सिंघवी, रेखा कोठारी, सविता कोठारी, रेखा मेहता और ममता कोठारी ने विभिन्न रोचक खेलों का संचालन कर सभी का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम का समापन आपसी सौहार्द, सांस्कृतिक मूल्यों और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ हुआ।

# सीबीआई की कार्रवाई: यूएई से वांछित भगोड़ी विशाखा राठौड़ को भारत लाया गया

♦ इंटरपोल रेड नोटिस के आधार पर प्रत्यर्पण, करोड़ों की वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने लिया हिरासत में



**नई दिल्ली/पुणे@पदमावत मीडिया।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने विदेश मंत्रालय (MEA) और गृह मंत्रालय (MHA) के समन्वय से संयुक्त अरब अमीरात (UAE) से वांछित भगोड़ी विशाखा राठौड़ को भारत लाने में सफलता हासिल की है। इंटरपोल के रेड नोटिस के आधार पर उसका 3 अगस्त 2026 को भारत प्रत्यर्पण कराया गया।

सीबीआई के अनुसार विशाखा राठौड़ एक बड़े वित्तीय धोखाधड़ी मामले में वांछित थी। आरोप है कि उसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर निवेशकों को विभिन्न योजनाओं में निश्चित मासिक रिटर्न का झूठा लालच देकर निवेश कराया। इसके बाद निवेशकों की राशि का गबन कर उसे विभिन्न बैंक खातों और डीमैट खातों के माध्यम से स्थानांतरित किया गया। मामले में पहले ही इंटरपोल के माध्यम से उसके खिलाफ रेड नोटिस जारी कराया गया था।

सीबीआई ने बताया कि विशाखा राठौड़ 3 अगस्त 2026 को पुणे पहुंची, जहां महाराष्ट्र पुलिस की टीम ने उसे हिरासत में ले लिया। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। सीबीआई ने बताया कि भारत में इंटरपोल के राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (NCB) के रूप में वह भारतपोल (BHARATPOL) के माध्यम से देश की विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वांछित अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करती है।

# नगर परिषद क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण, चुनाव तैयारियों का लिया जायजा

» एसडीएम ने मूलभूत सुविधाएं समय पर पूरी करने और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



**सलूम्बर@पदमावत मीडिया।** आगामी नगर निकाय आम चुनाव-2026 की तैयारियों के तहत सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) डॉ. मयूर शर्मा ने नगर परिषद सलूम्बर क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर चुनावी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बिजली, पेयजल, दिव्यांगजनों के लिए रैंप, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, सुगम आवागमन, कतार प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। एसडीएम ने कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समय पर पूरी की जाएं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। डॉ. शर्मा ने बीएलओ एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने और मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन शाखा के विजेन्द्र सिंह गहलोत, रलेश चौबीसा सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


# मध्यप्रदेश पुलिस की बड़ी सफलता, 15 दिन में डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की चोरी की संपत्ति बरामद

## तकनीकी जांच और त्वरित कार्रवाई से प्रदेशभर में चोरी के कई बड़े मामलों का खुलासा, दर्जनों आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com









**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस ने संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पिछले 15 दिनों में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 1 करोड़ 50 लाख रुपये से अधिक मूल्य की चोरी की संपत्ति बरामद की है। आधुनिक तकनीक, त्वरित विवेचना और प्रभावी पुलिसिंग के जरिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में चोरी, नकबजनी, चेन स्नेचिंग, मोबाइल चोरी और मंदिर चोरी जैसे मामलों का खुलासा कर कई शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

इंदौर के लसूडिया थाना पुलिस ने ई-ऑटो में यात्रियों का सामान चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मुख्य सरगना समेत आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चोरी के सोने-चांदी के आभूषण तथा वारदात में प्रयुक्त ई-ऑटो सहित करीब 24 लाख रुपये की संपत्ति बरामद की। वहीं जूनी इंदौर थाना पुलिस ने केयरटेकर बनकर घरों में चोरी करने वाली महिला को गिरफ्तार कर 10 लाख रुपये के आभूषण और नकदी बरामद की। दोनों कार्रवाइयों में कुल 34 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त हुई।

**उज्जैन, कटनी और गुना में भी बड़ी कार्रवाई**

उज्जैन के खाचरोद थाना पुलिस ने चोरी के मामले में मास्टरमाइंड सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 33 लाख रुपये के आभूषण बरामद किए। कटनी जिले के बरही थाना पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी से 25 लाख रुपये के आभूषण और चोरी में प्रयुक्त कार जब्त की।

गुना पुलिस ने भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान महिलाओं के मंगलसूत्र चोरी करने वाले आगरा के दो अंतरराज्यीय गिरोहों के 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर दो मंगलसूत्र, दो कार सहित 20 लाख रुपये की संपत्ति बरामद की।

**अशोकनगर में दो मामलों का खुलासा**

अशोकनगर पुलिस ने चोरी के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान और दो मोटरसाइकिल सहित 13.35 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की। वहीं दिनदहाड़े हुई चेन स्नेचिंग का खुलासा कर दो अंतरजिला आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा करीब 6 लाख रुपये की दो सोने की चेन बरामद की। दोनों मामलों में कुल 18.35 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति बरामद हुई।

**अन्य जिलों में भी कार्रवाई जारी**

खरगोन पुलिस ने मोबाइल चोरी करने वाले पारदी गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर नौ महंगे मोबाइल फोन एवं मोटरसाइकिल सहित 4.55 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की। भोपाल ग्रामीण पुलिस की एसआईटी ने 12 मंदिर चोरी के मामलों का खुलासा करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार कर 16 चांदी के मुकुट सहित करीब 4 लाख रुपये की संपत्ति बरामद की। जीआरपी जबलपुर ने चोरी के आभूषणों सहित 3.52 लाख रुपये, शाजापुर पुलिस ने विभिन्न मामलों में 2.58 लाख रुपये, खंडवा पुलिस ने रेलवे पुल से चोरी की गई लोहे की प्लेटें और ऑटो रिक्शा सहित 2.20 लाख रुपये, छिंदवाड़ा पुलिस ने 1.50 लाख रुपये तथा राजगढ़ पुलिस ने बस में बैग चोरी के मामले में 62 हजार रुपये मूल्य की संपत्ति बरामद की।





# खबर संक्षिप्त

## जिला कौशल एवं उद्यमिता समिति की बैठक आयोजित

» कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बेहतर समन्वय पर जोर



**जयपुर@पदमावत मीडिया।** जिला कलक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला कौशल एवं उद्यमिता समिति की सदस्य सचिव एवं संयुक्त निदेशक, संभागीय रोजगार कार्यालय जयपुर नवरेखा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में संचालित कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा एवं उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर विस्तृत चर्चा की गई। नवरेखा ने बताया कि राजस्थान सरकार के प्रशासनिक सुधार विभाग के निर्देशानुसार केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित व्यावसायिक शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण एवं उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बेहतर समन्वय के उद्देश्य से जिला कौशल एवं उद्यमिता समिति का गठन किया गया है। समिति का मुख्य उद्देश्य जिले में मांग आधारित कौशल विकास को बढ़ावा देना, स्थानीय रोजगार के अवसरों की पहचान करना तथा युवाओं को कौशल प्रशिक्षण से जोड़कर उन्हें रोजगारपरक बनाना है। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुखी योजनाओं की समीक्षा करते हुए आपसी समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में जिला परिषद, लीड बैंक, उद्योग विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, नगर निगम, राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) तथा रोजगार विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में परिवर्तन स्किल एकेडमी से प्रतीक सोढ़ाणी तथा वर्ल्ड ग्रोथ फोरम के संस्थापक अनाम कुमार भी उपस्थित रहे।

## नाथद्वारा विधानसभा को 12 करोड़ की सौगात, 23 सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत



**नाथद्वारा@पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार ने बजट वर्ष 2026-27 के तहत नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र में करीब 12 करोड़ रुपये की लागत से 23 सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है। इनमें 8 मिसिंग लिंक सड़कें और 15 नॉन-पेवेबल सड़कों का निर्माण शामिल है। इन कार्यों से नाथद्वारा, खमनोर, कोठारिया, देलवाड़ा और रेलमंगरा क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर सड़क संपर्क का लाभ मिलेगा।
विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने बताया कि लंबे समय से लंबित सड़क निर्माण कार्यों के पूरा होने से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा तथा किसानों, विद्यार्थियों, महिलाओं और आमजन को सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क नेटवर्क से क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। विधायक ने राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि स्वीकृत सड़क परियोजनाओं के पूरा होने से वर्षों पुरानी सड़क संबंधी समस्याओं का समाधान होगा और ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी।

## प्रदेश में 2101 करोड़ से बनेंगी 3232 सड़कें, 187 विधानसभा क्षेत्रों को मिलेगा लाभ



**जयपुर@पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार ने बजट वर्ष 2026-27 की घोषणा के तहत प्रदेश के 187 विधानसभा क्षेत्रों में 3232 सड़क निर्माण कार्यों को मंजूरी दी है। सार्वजनिक निर्माण विभाग लगभग 2101.16 करोड़ रुपये की लागत से 6418.43 किलोमीटर लंबी मिसिंग लिंक और नॉन-पेवेबल सड़कों का निर्माण कराएगा। इस योजना से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में सड़क संपर्क मजबूत होगा तथा आवागमन की सुविधाओं में सुधार आएगा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक गांव, कस्बे और शहर को गुणवत्तापूर्ण सड़क नेटवर्क से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण से विकास को गति मिलेगी, परिवहन सुगम होगा और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जयपुर ग्रामीण के 17 विधानसभा क्षेत्रों में भी 185.24 करोड़ रुपये की लागत से 379 किलोमीटर लंबाई की 269 सड़कें बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। मिसिंग लिंक और नॉन-पेवेबल सड़कों के निर्माण से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लक्ष्य को मजबूती मिलेगी।

## चार वर्ष के शोध के बाद जयश्री शर्मा ने पीएचडी की अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण की



**जयपुर@पदमावत मीडिया।** महात्मा ज्योतिराव फुले विश्वविद्यालय में जयश्री शर्मा ने प्रबंधन विषय के अंतर्गत समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) पर अपने शोधकार्य की अंतिम परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर पीएचडी की औपचारिकताएं पूर्ण कर लीं। करीब चार वर्ष के शोध एवं अध्ययन के बाद तैयार यह शोधकार्य मनीष शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अंतिम परीक्षा में राजस्थान विश्वविद्यालय की प्रोफेसर मंजू जैन ने बाह्य विशेषज्ञ के रूप में शोधकार्य का मूल्यांकन किया। इस दौरान जयश्री शर्मा ने अपने शोध का प्रस्तुतीकरण दिया, जिसकी विशेषज्ञों ने सराहना की। उपलब्धि पर उन्होंने शोध निर्देशक, विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षकों और परिवारजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे सभी के सहयोग और मार्गदर्शन का परिणाम बताया।

# राजस्व, बंदोबस्त और अवैध शराब पर सख्ती के निर्देश, लक्ष्य के प्रति सजग रहें : आबकारी आयुक्त नमित मेहता

♦ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय समीक्षा, बकाया वसूली, राजस्व वृद्धि और अवैध मदिरा के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई पर दिया जोर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने विभागीय अधिकारियों को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों के प्रति पूरी सजगता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नियमित समीक्षा, प्रभावी कार्ययोजना और सतत मॉनिटरिंग से ही शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। लक्ष्य के प्रति लापरवाही या असंवेदनशीलता किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी तथा दोषी अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में आबकारी आयुक्त ने प्रदेशभर के जिलों में राजस्व संग्रह, मदिरा दुकानों के बंदोबस्त, बकाया वसूली तथा अवैध मदिरा के विरुद्ध चल रही निरोधात्मक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**7 अगस्त तक शेष मदिरा दुकानों का बंदोबस्त करने के निर्देश**

आबकारी आयुक्त ने बताया कि प्रदेश के 11 क्लस्टरों में अभी 14 मदिरा दुकानों का बंदोबस्त शेष है। उन्होंने बारां, बीकानेर, जयपुर शहर, जैसलमेर, कोटा, प्रतापगढ़, सवाई माधोपुर एवं सिरोही जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 7 अगस्त को प्रस्तावित नीलामी प्रक्रिया में सभी शेष दुकानों का बंदोबस्त हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी दुकानों के संचालन से राजस्व लक्ष्य प्राप्त करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

**राजस्व बढ़ाना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता**

बैठक में जुलाई माह के राजस्व प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कहा कि राजस्व अर्जन विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिन जिलों का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा, उन्हें विशेष कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए गए। धौलपुर, टोंक, झालावाड़, बारां, सवाई माधोपुर, बूंदी, दौसा, प्रतापगढ़, झुंझुनूं, श्रीगंगानगर, बांसवाड़ा, करौली एवं पाली जिलों के अधिकारियों को राजस्व वृद्धि के लिए विशेष प्रयास करने को कहा गया। साथ ही कम मदिरा उठाव वाले जिलों में निरोधात्मक गतिविधियां बढ़ाने और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

**बकाया वसूली में लापरवाही पर होगी कार्रवाई**

नमित मेहता ने कहा कि राज्य सरकार बकाया वसूली को लेकर गंभीर है और सभी जिलों को निर्धारित लक्ष्य हर हाल में पूरा करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि लक्ष्य में पिछड़ने वाले जिलों में संबंधित जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षक एवं प्रहराधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने बकाया वसूली के लिए संपत्ति कुर्की, अटैचमेंट एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की प्रगति की भी समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।

**अवैध शराब के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी**

बैठक में आबकारी आयुक्त ने प्रदेशभर में अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुखबिर तंत्र को मजबूत कर अवैध शराब तस्करों के विरुद्ध बड़ी और ठोस कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी रोकथाम विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर बालोतरा पुलिस का जनजागरूकता अभियान, साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा पर दिया विशेष जोर

» पोस्टर, सोशल मीडिया और ऑडियो-विजुअल माध्यमों से नागरिकों को किया जागरूक, विद्यार्थियों को कराया थाना भ्रमण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**बालोतरा।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में बालोतरा पुलिस ने जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार आयोजित इस अभियान के तहत साइबर सुरक्षा, डिजिटल फ्रॉड से बचाव, महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा और पुलिस कार्यप्रणाली जैसे विषयों पर नागरिकों एवं विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार कांवट (आईपीएस) ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 4 अगस्त 2026 को जिले के सभी पुलिस थानों में साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। बाजारों, बस स्टैंड, ग्राम पंचायत भवनों, सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर एवं पंपलेट वितरित कर लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, फर्जी केवाईसी, ओटीपी, बैंक खाते की गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने तथा राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 और www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारी दी गई। अभियान के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों में छात्राओं के लिए महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा विषयक कार्यशालाएं आयोजित की गईं। छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों, आपातकालीन हेल्पलाइन, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, गुड टच-बैड टच और आत्मरक्षा के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा जनजाति बालिका छात्रावास में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। 5 अगस्त 2026 को अभियान के अंतर्गत जिले के सभी पुलिस थानों में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों का थाना भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली, कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका, यातायात नियमों, साइबर सुरक्षा, आपातकालीन हेल्पलाइन तथा जिम्मेदार नागरिक के कर्तव्यों की जानकारी दी गई। उन्होंने थाना परिसर, मालखाना, स्वागत कक्ष और विभिन्न शाखाओं का अवलोकन कर पुलिस अधिकारियों से संवाद भी किया। बालोतरा पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी, संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि या डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी की जानकारी तत्काल निकटतम पुलिस थाने अथवा साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दें। पुलिस ने कहा कि ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

## आरयूआईडीपी के पांचवें चरण में जयपुर में 2233 करोड़ के विकास कार्य, ट्रीटेड वाटर के पुनः उपयोग पर रहेगा जोर




**जयपुर@पदमावत मीडिया।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के पांचवें चरण में जयपुर शहर में 2233 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित संवाद कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और विभिन्न स्टेकहोल्डर्स को प्रस्तावित परियोजनाओं की जानकारी दी गई तथा उनके सुझाव लिए गए। कार्यक्रम में आदर्श नगर विधायक रफीक खान, आमेर विधायक प्रशांत शर्मा और जिला कलेक्टर संदेश नायक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। संवाद के दौरान जनप्रतिनिधियों ने शहर की सीवर व्यवस्था, जल निकासी और तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों की आधारभूत सुविधाओं को परियोजना में शामिल करने का सुझाव दिया। जिला कलेक्टर संदेश नायक ने कहा कि पांचवें चरण में उपचारित जल (ट्रीटेड वाटर) के पुनः उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे भूमिगत जल के दोहन में कमी लाई जा सके। उन्होंने परियोजनाओं का क्रियान्वयन आमजन को न्यूनतम असुविधा के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर भी जोर दिया। आरयूआईडीपी के तहत प्रदेश के 84 शहरों में करीब 9500 करोड़ रुपये के विकास कार्य प्रस्तावित हैं। इन परियोजनाओं को लेकर 5 से 11 अगस्त तक जनप्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों, प्रबुद्धजनों, मीडिया प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि स्थानीय सुझावों के आधार पर परियोजनाओं का प्रभावी और जनहितकारी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

# सलूम्बर जिले को विकास की बड़ी सौगात, 18.89 करोड़ रुपये से बनेंगी 40 नई सड़कें

♦ प्रदेशभर में 2,101 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी, धरियावद और सलूम्बर विधानसभा क्षेत्रों को मिलेगा सीधा लाभ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**सलूम्बर।** राज्य सरकार ने प्रदेश में सड़क संपर्क व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बजट वर्ष 2026-27 की घोषणाओं के तहत 2,101.16 करोड़ रुपये की लागत से 3,232 मिसिंग लिंक एवं नॉन-पैचेबल सड़कों के निर्माण को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत प्रदेश के 187 विधानसभा क्षेत्रों में 6,418.43 किलोमीटर लंबाई की सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इसी क्रम में सलूम्बर जिले को 18.89 करोड़ रुपये की लागत से 40 नई सड़कों की सौगात मिली है।
उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक गांव, कस्बे और शहर को गुणवत्तापूर्ण सड़क संपर्क उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार ऐतिहासिक निर्णय लिए जा रहे हैं। इन सड़क परियोजनाओं से प्रदेश में विकास को नई गति मिलेगी और आमजन को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध होगी।
योजना के तहत सलूम्बर जिले के धरियावद एवं सलूम्बर विधानसभा क्षेत्रों में कुल 40 सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इन सड़कों की कुल लंबाई 74.20 किलोमीटर होगी तथा इन पर 18.89 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सड़क निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।
धरियावद विधानसभा क्षेत्र में 11 सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें 3 मिसिंग लिंक तथा 8 नॉन-पैचेबल सड़कें शामिल हैं। इनकी कुल लंबाई 24.50 किलोमीटर होगी तथा 6.80 करोड़ रुपये की लागत से इनका निर्माण कराया जाएगा।
वहीं सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र में 29 सड़क निर्माण कार्यों को मंजूरी मिली है। इनमें 10 मिसिंग लिंक तथा 19 नॉन-पैचेबल सड़कें शामिल हैं। इन सड़कों की कुल लंबाई 49.70 किलोमीटर होगी तथा इनके निर्माण पर 12.09 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से जिले के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में सड़क संपर्क मजबूत होगा, किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और आमजन को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी तथा सामाजिक, आर्थिक और विकासात्मक गतिविधियों को नई गति प्राप्त होगी।

# बालिका शिक्षा को मिला संबल, डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने निभाई विद्यादान की परंपरा

» राजकीय बालिका विद्यालय की छात्राओं की वार्षिक शुल्क राशि का किया वहन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** मेवाड़ की गौरवशाली विद्यादान परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मेवाड़ के 77वें श्री एकलिंग दीवान डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, जगदीश चौक की छात्राओं की संपूर्ण वार्षिक शुल्क राशि का वहन किया। वर्ष 2023 से निरंतर जारी यह पहल बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व और शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रेरक उदाहरण बन रही है।
डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि बालिका शिक्षा एक सशक्त और विकसित समाज की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि आज देश की बेटियां शिक्षा, विज्ञान, खेल और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत का गौरव बढ़ा रही हैं, फिर भी अनेक बालिकाएं आर्थिक एवं सामाजिक कारणों से पढ़ाई बीच में छोड़ने को विवश हो जाती हैं। ऐसे में उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना समाज और राष्ट्र दोनों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है।.उन्होंने कहा कि अपने पूर्वजों की परंपराओं का निर्वहन करते हुए वे शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, पशु कल्याण, शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं एवं पूर्व सैनिकों के कल्याण जैसे विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रहे हैं। 'गो ग्रीन' और 'सेव वाटर' जैसे जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से भी समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है।
विद्यालय की प्राचार्या दुर्गेश कुमारी शर्मा ने बताया कि मेवाड़ में शिक्षा के विकास की समृद्ध परंपरा रही है। महाराणाओं ने सदैव जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए शिक्षा के प्रसार के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने बताया कि वर्ष 1864 में स्थापित 'शम्भूरत्न पाठशाला' को वर्ष 1866 में कन्या विद्यालय के रूप में विकसित किया गया था, जो मेवाड़ रियासत द्वारा स्थापित देश के प्रारम्भिक कन्या विद्यालयों में से एक माना जाता है। उन्होंने कहा कि डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ उसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बालिका शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणादायी योगदान दे रहे हैं।

# राजस्थान पुलिस का अंतरराष्ट्रीय साइबर गिरोह पर बड़ा शिकंजा, तीन और आरोपी गिरफ्तार

♦ साइबर स्लेवरी और मानव तस्करी नेटवर्क का लगातार खुलासा, अब तक 8 आरोपी गिरफ्तार; विदेश भेजकर भारतीय युवाओं से कराते थे ऑनलाइन ठगी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com


फिरोज काठात उर्फ माफिया


कानू सिंह उर्फ पायथन


आरिफ काठात उर्फ दीपू

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस के स्टेट साइबर क्राइम थाना ने अंतरराष्ट्रीय साइबर स्लेवरी, मानव तस्करी और साइबर ठगी से जुड़े संगठित गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन और शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले इसी प्रकरण में पांच आरोपी पकड़े जा चुके हैं। ताजा कार्रवाई के बाद इस अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है।
महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (साइबर क्राइम) विजय कुमार सिंह ने बताया कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) से प्राप्त सूचनाओं, तकनीकी विश्लेषण और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर इस अंतरराष्ट्रीय गिरोह की परत-दर-परत साजिश का खुलासा हो रहा है।

**विदेशी नौकरी का लालच, फिर साइबर स्कैम सेंटरों में बनाते थे बंधक**

जांच में सामने आया कि गिरोह के सदस्य राजस्थान सहित देशभर के युवाओं को विदेश में 800 से 1000 अमेरिकी डॉलर प्रतिमाह वेतन और आकर्षक नौकरी का झांसा देकर कंबोडिया, म्यांमार, वियतनाम, लाओस और थाईलैंड भेजते थे। वहां पहुंचते ही युवाओं के पासपोर्ट और पहचान पत्र जब्त कर उन्हें साइबर स्कैम सेंटरों में बंधक बना लिया जाता था। इसके बाद उनसे डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश, क्रिप्टो फ्रॉड, ऑनलाइन ट्रेडिंग और जॉब स्कैम जैसे साइबर अपराध करवाए जाते थे।

**तीन नए आरोपी दबोचे**

स्टेट साइबर क्राइम थाना पुलिस ने इस नेटवर्क से जुड़े आरिफ काठात उर्फ दीपू, कानू सिंह उर्फ पायथन और फिरोज काठात उर्फ माफिया को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में तीनों की भूमिका साइबर ठगी नेटवर्क में सक्रिय रूप से सामने आई है।
जांच के अनुसार फिरोज काठात उर्फ माफिया वर्ष 2025 में बैंकॉक के रास्ते कंबोडिया पहुंचा था, जहां उसे महिला बनकर सोशल मीडिया पर भारतीय नागरिकों से दोस्ती करने और फर्जी क्रिप्टो योजनाओं में फंसाने का प्रशिक्षण दिया गया। वह गिरोह के लिए फर्जी प्रोफाइल और म्यूल बैंक खातों का संचालन करता था।
कानू सिंह उर्फ पायथन होटल में नौकरी दिलाने के बहाने कंबोडिया पहुंचा और वहां साइबर स्कैम सेंटर में काम करने लगा। उसने कमीशन के लालच में चार अन्य भारतीय युवाओं को भी इस गिरोह तक पहुंचाया।
वहीं आरिफ काठात उर्फ दीपू सोशल मीडिया पर फर्जी फेसबुक और व्हाट्सएप प्रोफाइल बनाकर लोगों को नकली ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर अधिक मुनाफे का झांसा देता था तथा प्रोसेसिंग फीस और निवेश के नाम पर मोटी रकम ठगता था।

**डिजिटल साक्ष्यों से खुल रही अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की परतें**

पुलिस ने बताया कि पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों जीतूराज उर्फ जेम्स, रवि उर्फ माही और अनिल उर्फ डेविल से पूछताछ तथा उनके मोबाइल फोन, पासपोर्ट, व्हाट्सएप चैट, वीपीएन, विदेशी संपर्कों और क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण में इस नेटवर्क के कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। पुलिस अब मानव तस्करी, साइबर स्लेवरी और करोड़ों रुपये के साइबर फ्रॉड से जुड़े वित्तीय नेटवर्क की भी गहन जांच कर रही है।

**सावधानी बरतने की अपील**

राजस्थान पुलिस ने आमजन से विदेश में नौकरी के नाम पर मिलने वाले आकर्षक प्रस्तावों की पूरी तरह जांच-पड़ताल करने, किसी भी अनजान व्यक्ति को पासपोर्ट या पहचान संबंधी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने तथा सोशल मीडिया पर निवेश और क्रिप्टोकरेंसी में गारंटीड मुनाफे के दावों से सतर्क रहने की अपील की है। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 या राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई है।
यह कार्रवाई एसपी साइबर क्राइम सुमित मेहरड़ा के पर्यवेक्षण तथा डीएसपी एवं थानाधिकारी गजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने की।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : पवन मॉगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत-400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। मो. नं. : +91-9594542679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in ( नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।